प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 13.11.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

15 नवंबर को झारखंड स्थापना दिवस के साथ जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भाजपा की ओर से राज्यभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस के तहत कोडरमा के झुमरी तलैया में आयोजित प्रेस वार्ता में जमुआ विधायक मंजू देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित कर आदिवासियों को सम्मान दिया है। साथ ही उन्होंने राज्य सरकार पर आदिवासी हितों की अनदेखी और सरकारी अस्पतालों की बदहाल व्यवस्था को लेकर निशाना साधा।

****

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को पूरा देश जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाएगा। और जानकारी दे रहे हैं

****

जामताड़ा में झारखंड स्थापना दिवस की रजत जयंती पर फतेहपुर प्रखंड के करजोरी गांव में जलछाजन योजना के तहत विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। पौधारोपण, जल कलश यात्रा, रंगोली और गीत–संगीत के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष राधा रानी सोरेन और परियोजना पदाधिकारी तमुल तरण ने ग्रामीणों को जागरूक किया।

****

चतरा में झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन ने डीएमएफटी निधि से स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ी पहल की है। जिले में 15 चिकित्सकों और 24 से अधिक स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, जिनका योगदान एक सप्ताह के भीतर होगा। सिविल सर्जन डॉ. जगदीश प्रसाद ने बताया कि नई नियुक्तियों से जिले में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर होंगी।

****

गिरिडीह में झारखंड स्थापना दिवस समारोह के तीसरे दिन आज साइक्लोथॉन का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त राम निवास यादव ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है।

****

गिरिडीह जिले की साइबर थाना पुलिस ने जामताड़ा के मुख्य सरगना सहित पांच अंतरजिला साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 12 मोबाइल फोन, 15 सिम कार्ड बरामद किए और खुलासा किया कि वे फर्जी बैंक लिंक भेजकर ओटीपी हासिल कर ठगी करते थे। एसपी डॉ. विमल कुमार ने कहा कि साइबर अपराध पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई जारी है और लोगों से संदिग्ध लिंक या ऐप डाउनलोड न करने की अपील की।

****

राज्य में ठंड बढ़ने का सिलसिला जारी है और पिछले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में औसतन दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। गुमला का तापमान सबसे कम 7.2 डिग्री रहा, जबकि रांची का न्यूनतम तापमान 10.7 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के दौरान पलामू, चतरा, गढ़वा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला और सिमडेगा में कहीं–कहीं शीतलहर चलने की संभावना जताई है।

****

भारत ने ढाका में 24वें एशियाई तीरंदाजी चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए आज दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीते।

भारतीय तीरंदाजी संघ के अनुसार दीपशिखा, ज्योति सुरेखा वेन्नम और प्रीथिका प्रदीप की महिला कम्पाउंड टीम ने कोरिया को 234 के मुकाबले 236 अंक से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

**********समाप्त***********